## खास-खबरें

### दूध के दाम को लेकर किसानों का आक्रोश, 70 रुपये लीटर की मांग



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा:** दूध उत्पादन की बढ़ती लागत के बीच कम दाम मिलने से नाराज दूध उत्पादक किसानों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। किसान सिर पर दूध की केन रखकर तहसील कार्यालय पहुंचे और 'जय जवान-जय किसान' के नारे लगाते हुए तहसीलदार सौरभ शर्मा को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने दूध का न्यूनतम मूल्य 70 रुपये प्रति लीटर निर्धारित करने की मांग की। किसानों का कहना है कि वर्तमान में गुणवत्ता और फैट के आधार पर करीब 9 से 10 रुपये प्रति फैट का भुगतान किया जा रहा है। इससे कई किसानों को औसतन 55 रुपये प्रति लीटर ही मिल रहे हैं। चारा, दाना, भूसा, खली, दवाइयों और पशुओं की देखभाल का खर्च बढ़ने के कारण इस दर पर पशुपालन करना मुश्किल हो गया है।

### डूबती युवती को बचाने वाले विनोद को अपर कलेक्टर ने किया सम्मानित



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** मानवता और साहस का परिचय देते हुए डूबती हुई युवती की जान बचाने वाले विनोद पटेरिया के सराहनीय कार्य की जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई है। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने आज अपने चेम्बर में विनोद पटेरिया को उनके साहसिक एवं मानवीय कार्य के लिए 10 हजार रु. का चेक भेंट कर सम्मानित किया। स्मरणीय है कि 18 अगस्त को प्रात: करीब 8 बजे विदिशा-सोठिया बायपास रोड स्थित बेतवा नदी के पुल पर कु. पायल कुशवाह, पुत्री राजेन्द्र कुशवाह, निवासी अहमदपुर रोड, जय गुरुदेव नगर, विदिशा, नदी में डूब रही थीं। इस दौरान रायसेन निवासी विनोद पटेरिया, पुत्र जयराम पटेरिया, की नजर डूबती हुई युवती पर पड़ी।

### चंदेरी में राजीव गांधी की जयंती मनाई



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, चंदेरी:** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान और ब्लॉक अध्यक्ष विवेकांत भार्गव ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान ने राजीव गांधी के जीवन और राजनीतिक योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी भारत के सबसे युवा प्रधानमंत्री रहे और उन्होंने 21वीं सदी के आधुनिक, साधन-संपन्न एवं आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना की थी। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक सचिव बृजकिशोर याज्ञनिक ने किया। कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंदेरी अस्पताल पहुंचकर भर्ती मरीजों को केले वितरित किए और राजीव गांधी को याद किया। इस दौरान पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 'महाकौशली गाय' को मिला देश की 57वीं पंजीकृत देसी गोवंश नस्ल का दर्जा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, जबलपुर:** नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय (एनडीवीएसयू), जबलपुर ने देशी पशुधन के आनुवंशिक संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के शोध के बाद 'महाकौशली गाय' को देश की 57वीं पंजीकृत देसी गोवंश नस्ल के रूप में आधिकारिक मान्यता मिली है।

आईसीएआर-राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो (एनबीएजीआर), करनाल की नस्ल पंजीकरण समिति की 14वीं बैठक में महाकौशली गाय को स्वतंत्र देसी नस्ल के रूप में मान्यता दी गई। महाकौशली गाय की नस्लीय पहचान के लिए वर्ष 2018 से 2022 के दौरान एनबीएजीआर-सहयोगी परियोजना के तहत विस्तृत शोध किया गया। पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, एनडीवीएसयू के पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन विभाग के प्राध्यापक एवं अध्यक्ष डॉ. मोहन सिंह ठाकुर के नेतृत्व में शोध कार्य हुआ। शोध के दौरान नस्ल के शारीरिक, आनुवंशिक और अन्य विशिष्ट लक्षणों का वैज्ञानिक अध्ययन किया गया। इसके बाद औपचारिक पंजीकरण आवेदन और ब्रीड डिस्क्रिप्टर एनबीएजीआर को प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय समिति ने वैज्ञानिक आंकड़ों और नस्ल के विशिष्ट आनुवंशिक लक्षणों का सत्यापन करने के बाद इसे स्वतंत्र देसी नस्ल के रूप में पंजीकृत किया।

# सीहोर में रुद्रांश डेयरी पर फिर छापा 25 क्विंटल एनालॉग पनीर जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** शुद्ध खाद्य पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने पचामा गांव स्थित रुद्रांश डेयरी पर देर रात छापामार कार्रवाई की। संभागीय उड़नदस्ता भोपाल और खाद्य एवं औषधि प्रशासन सीहोर की संयुक्त टीम ने मौके से करीब 25 क्विंटल प्रतिबंधित एनालॉग पनीर जब्त कर उसे सील कर दिया। खास बात यह है कि एक सप्ताह के भीतर इसी डेयरी पर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

कार्रवाई खाद्य आयुक्त को मिली शिकायत के आधार पर उड़नदस्ता प्रभारी पंकज श्रीवास्तव के नेतृत्व में की गई। जांच के दौरान पनीर के पैकेटों पर कंपनी का नाम और पता दर्ज नहीं मिला। मौके से बड़ी मात्रा में नमक और शक्कर भी बरामद की गई। अधिकारियों ने जब्त पनीर को सील कर आगे की कानूनी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है।

**दूध के बजाय वनस्पति तेल से तैयार:** एनालॉग पनीर में दूध से मिलने वाले प्राकृतिक फैट की जगह पाम ऑयल या अन्य वनस्पति तेल, स्टार्च और स्किम्ड मिल्क पाउडर जैसी सामग्री का इस्तेमाल किया जाता है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार प्रतिबंध के बावजूद इसके निर्माण और बिक्री से उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की आशंका है।

**एक सप्ताह पहले भी हुई थी कार्रवाई:** रुद्रांश डेयरी पर करीब एक सप्ताह पहले भी कार्रवाई कर दो क्विंटल से अधिक एनालॉग पनीर जब्त किया गया था। इसके बावजूद उत्पादन जारी रहने पर विभाग ने दोबारा छापा मारा। इस बार बड़ी मात्रा में तैयार उत्पाद मिलने के बाद पूरे 25 क्विंटल पनीर को सील कर दिया गया है। मामले में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**12 अगस्त से प्रतिबंधित है एनालॉग पनीर**

प्रदेश सरकार ने जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त से एनालॉग पनीर के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया है। इसके बावजूद डेयरी में इसका उत्पादन जारी मिला। बताया गया कि कम लागत में तैयार होने वाले इस उत्पाद को असली पनीर के नाम पर अधिक कीमत में बेचा जा रहा था।

### राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने किया नमन

**बरेली।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती पर बरेली नगर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस परिवार की ओर से पूर्व विधायक देवेंद्र पटेल के निवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके योगदान को याद किया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव पालीवाल ने कहा कि राजीव गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके कार्यकाल में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई तथा युवाओं को आगे बढ़ाने की सोच को बल मिला।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष निलेश शर्मा ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती पर मनाया जाने वाला सद्भावना दिवस आपसी प्रेम, भाईचारे, शांति और एकता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए सभी को जाति, धर्म और भेदभाव से ऊपर उठकर कार्य करना चाहिए।

इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने और देश को मजबूत एवं प्रगतिशील बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया।

# वाट्सएप पर आई एक अनजान फाइल और उड़ गए 63 हजार

## शाजापुर में दुकानदार बना साइबर ठगी का शिकार




**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** डिजिटल युग में साइबर ठग रोज नए-नए तरीके अपनाकर लोगों की गाढ़ी कमाई पर डाका डाल रहे हैं। शाजापुर शहर में एक ऐसा ही हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां केवल व्हाट्सएप पर आई एक संदिग्ध एपीके फाइल के कारण एक दुकानदार का मोबाइल हैक हो गया। शातिर ठगों ने फोन-पे अकाउंट में सेंध लगाकर दो अलग-अलग बैंक खातों से कुल 63 हजार रुपए पार कर दिए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या है पूरा मामला:** प्राप्त जानकारी के अनुसार, शहर के नाईवाड़ा क्षेत्र के रहने वाले 36 वर्षीय सुमित शर्मा की बड़ा चौक में घड़ी की दुकान है। डिजिटल लेन-देन के लिए सुमित अपने मोबाइल नंबर से फोन-पे का इस्तेमाल करते हैं। इस ऐप से उनका अपना एक्सिस बैंक का खाता और उनकी पत्नी खुशी शर्मा का बंधन बैंक का खाता लिंक था।

**ग्रुप में आई थी संदिग्ध एपीके फाइल:** सुमित शर्मा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि बीते 22 जुलाई की दोपहर करीब 2.30 बजे उनके व्हाट्सएप के एक ग्रुप में एक एपीके फाइल आई थी। शुरुआत में उन्होंने उस फाइल पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया, लेकिन बाद में उन्हें अपना मोबाइल हैक होने की आशंका हुई। अपने शक के चलते जब सुमित ने 13 अगस्त को फोन-पे से जुड़े अपने दोनों बैंक खातों का बैलेंस चेक किया, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उनके दोनों खातों से बड़ी रकम गायब थी। पुलिस के अनुसार, साइबर ठगों ने 10 अगस्त को वारदात को अंजाम देते हुए किश्तों में ट्रांजेक्शन किए दोपहर 1.55 बजे पत्नी के बंधन बैंक खाते से 20,000 रुपए ट्रांसफर किए गए।

दोपहर 2.13 बजे, उसी बंधन बैंक खाते से दोबारा 20,000 रुपए निकाले गए। दोपहर 2.35 बजे सुमित के एक्सिस बैंक खाते से 23,000 रुपए निकाले गए। इस प्रकार अज्ञात ठगों ने कुल 63 हजार रुपए की ठगी को अंजाम दिया।

## अमानक पॉलिथीन के संदेह में गोदाम सील शिकायत के बाद नगर निगम की कार्रवाई



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास:** सिल्वर कॉलोनी पार्क क्षेत्र में अमानक पॉलिथीन रखे होने की शिकायत पर नगर निगम ने गुरुवार को एक गोदाम सील कर दिया। निगम आयुक्त के निर्देश पर पहुंची टीम ने मौके पर जांच के बाद गोदाम पर ताला लगाकर उसे सील किया।

नगर निगम को शिकायत मिली थी कि सिल्वर कॉलोनी पार्क स्थित गोदाम में प्रतिबंधित या अमानक पॉलिथीन का भंडारण किया जा रहा है। सूचना के बाद निगम की टीम मौके पर पहुंची और गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम गुलरेज शेख का बताया जा रहा है, जिसे उन्होंने उपयोग के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दे रखा था। कार्रवाई के दौरान गोदाम को सील कर दिया गया। हालांकि, जांच के दौरान गोदाम से कितनी मात्रा में अमानक पॉलिथीन मिली, इसकी आधिकारिक जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई है। निगम अधिकारियों ने भी जब्ती की मात्रा को लेकर कोई विस्तृत जानकारी जारी नहीं की है।

जांच के बाद आगे की कार्रवाई

मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार ने बताया कि निगम आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई की गई है। गोदाम को ताला लगाकर सील किया गया है। मामले की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद पॉलिथीन की मात्रा और नियमों के उल्लंघन की स्थिति स्पष्ट होगी। इसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कॉलेज में सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की मांग, छात्रों ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**गंजबासौदा।** संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने गुरुवार को विभिन्न समस्याओं को लेकर नारेबाजी करते हुए प्राचार्य नरेंद्र सिंह ठाकुर को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कॉलेज परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के साथ मूलभूत सुविधाओं में सुधार की मांग की।

विद्यार्थियों ने बताया कि कॉलेज के कुछ कमरों और बरामदों की छत का प्लास्टर टूटकर गिर रहा है, जिससे कक्षाओं के दौरान दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। इसके अलावा परिसर में नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छात्रों ने मुख्य द्वार पर गार्ड की मौजूदगी के बावजूद बाहरी और अवांछित लोगों के प्रवेश पर भी चिंता जताई। ज्ञापन में जर्जर छतों और क्षतिग्रस्त प्लास्टर की तत्काल मरम्मत, स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की नियमित व्यवस्था तथा मुख्य द्वार पर पहचान पत्र की जांच अनिवार्य करने की मांग की गई।

## रायसेन में खाद-टोकन को लेकर किसानों का चक्काजाम, सड़क पर लेटकर जताया विरोध




**नईदुनिया प्रतिनिधि, रायसेन:** जिले में खाद और टोकन वितरण की व्यवस्था से नाराज किसानों ने गुरुवार को जिला मुख्यालय के भोपाल रोड स्थित जिला विपणन कार्यालय के डबल लॉक गोदाम के सामने चक्काजाम कर दिया। खाद और टोकन लेने के लिए 800 से अधिक किसान गोदाम पहुंचे थे। टोकन नहीं मिलने और ऑनलाइन बुकिंग में आ रही दिक्कतों से नाराज किसानों ने नारेबाजी की और तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की। विरोध के दौरान कुछ किसान सड़क पर भी लेट गए।

किसानों का कहना था कि खाद की जरूरत के समय ऑनलाइन टोकन व्यवस्था उनके लिए परेशानी का कारण बन रही है। उन्होंने ऑनलाइन टोकन लेने से इनकार करते हुए मौके पर ही खाद उपलब्ध कराने की मांग की। किसानों के प्रदर्शन की सूचना मिलते ही तहसीलदार भरत सिंह, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल और नायब तहसीलदार ललित सक्सेना मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर उन्हें समझाने का प्रयास किया और व्यवस्था को लेकर उनकी समस्याएं सुनीं।

**'सिर्फ 5 मिनट खुलती है वेबसाइट':** किसान संदीप मीणा ने बताया कि खाद की बुकिंग के लिए वेबसाइट सीमित समय के लिए ही खुलती है। उनके अनुसार वेबसाइट करीब पांच मिनट खुलने के बाद बंद हो जाती है, जिससे बड़ी संख्या में किसान ऑनलाइन बुकिंग नहीं कर पाते। किसानों ने ऑनलाइन प्रक्रिया को आसान बनाने और पर्याप्त समय तक पोर्टल उपलब्ध रखने की मांग की।

**800 टोकन के लिए उमड़ी भीड़:** जिला विपणन विभाग की ओर से 10 और 11 तारीख के लिए करीब 800 टोकन जारी किए गए थे। इन टोकन को लेने के लिए गोदाम पर बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए। भीड़ और टोकन वितरण की व्यवस्था को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ गई, जिसके बाद उन्होंने सड़क पर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने प्रशासन से खाद की उपलब्धता बढ़ाने, टोकन वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने और ऑनलाइन बुकिंग में आ रही तकनीकी दिक्कतों का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

## स्वीकृत हितग्राही मूलक योजनाओं के प्रकरणों में शत-प्रतिशत वित्त पोषण सुनिश्चित करें:कलेक्टर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैंकर्स परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक हुई, जिसमें जिले में बैंकिंग विकास, विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की प्रगति तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का समय पर लाभ दिलाने के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के जिन प्रकरणों को बैंकों द्वारा स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है, उनमें 31 अगस्त तक शत-प्रतिशत वित्त पोषण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने बैंकों द्वारा अमान्य अथवा निरस्त किए गए प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों की योजनावार एवं कारणवार जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारी आगामी डीएलसीसी बैठक में प्रस्तुत करें। बैठक में बासौदा में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा प्रथम तल पर संचालित होने से उपभोक्ताओं को हो रही असुविधा का विषय भी सामने आया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक शाखा को भू-तल पर स्थानांतरित कर संचालित करने के निर्देश दिए।

जिला शहरी विकास अभिकरण द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के इंटरेस्ट सब्सिडी स्कीम घटक की समीक्षा की गई। योजना के अंतर्गत ईडब्ल्यूएस, एलआईजी एवं एमआईजी वर्ग के पात्र हितग्राहियों को ब्याज सब्सिडी का लाभ दिलाने के संबंध में निर्देश दिए गए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए पात्र हितग्राहियों को ऋण सुविधा उपलब्ध कराने तथा लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण पर चर्चा की गई। इसके साथ ही टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना तथा मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ स्वरोजगार योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

### मोतियाबिंद निदान शिविर में 106 मरीजों की हुई नेत्र जांच

**गंजबासौदा।** स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से सद्गुरु विजन सेंटर पर मोतियाबिंद एवं नेत्र रोग निदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सद्गुरु नेत्र चिकित्सक डॉ. राजकरण वर्मा ने करीब 106 नेत्र रोगियों की जांच की और उन्हें आंखों की देखभाल तथा नेत्र रोगों से बचाव के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। शिविर के दौरान मरीजों को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए समय-समय पर आंखों की जांच कराने की सलाह दी गई। आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी भगवानदास साहू, सुनील पिंगले, डॉ. ए.के. जैन, गणेशराम रघुवंशी, सुरेंद्र भारद्वाज, जगदीश अग्रवाल और हेमंत भंडारी ने सक्रिय सहयोग किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सेवा संस्थान द्वारा अंधत्व निवारण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे स्वास्थ्य शिविर जरूरतमंद लोगों को समय पर जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## प्राचार्य के.के. बानी सम्मानित



**नईदुनिया प्रतिनिधि, बरेली:** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरेली के प्राचार्य के.के. बानी को 15 अगस्त के अवसर पर जिला मुख्यालय रायसेन में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। क्षेत्रीय विधायक एवं राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल तथा कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

प्राचार्य बानी के प्रयासों से विद्यालय का कायाकल्प हुआ है। जनभागीदारी एवं जनसहयोग से दो मंजिला भवन, आधुनिक लैब, पुस्तकालय, प्रोजेक्टर, खेल मैदान, पेपर ब्लॉक एवं बाउंड्रीवॉल सहित विद्यार्थियों के लिए अनेक सुविधाएं विकसित की गई हैं। अंग्रेजी माध्यम से अध्ययन की सुविधा भी शुरू की गई है।

मंत्री पटेल ने कहा कि वे स्वयं इसी विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं और विद्यालय से मिले संस्कारों ने उन्हें आज जनसेवा के मुकाम तक पहुंचाया है। उन्होंने विद्यालय के विकास में हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

## शिवसेना (यूबीटी) का धरना 10वें दिन भी जारी प्रशासन की सद्‌बुद्धि के लिए किया यज्ञ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौर:** विभिन्न जनहितैषी मांगों को लेकर शिवसेना (यूबीटी) का जिला मुख्यालय पर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना गुरुवार को 10वें दिन भी जारी रहा। राज्य प्रमुख सुनील शर्मा के नेतृत्व में चल रहे आंदोलन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने शासन-प्रशासन की सद्‌बुद्धि के लिए यज्ञ किया। पंडित मोहन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ संपन्न कराया, जिसमें आंदोलनकारियों ने आहुतियां देकर अपनी मांगों के समर्थन में विरोध दर्ज कराया।

शिवसेना ने जिला चिकित्सालय में एसडीपी मशीन तथा सोनोग्राफी के लिए स्थायी तकनीशियन और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति, प्रभावित किसानों को फसल नुकसान का उचित मुआवजा देने और शहर में पूर्ण शराबबंदी लागू करने की मांग उठाई है।

**जल सत्याग्रह की चेतावनी:** राज्य प्रमुख सुनील शर्मा ने कहा कि यदि सरकार और प्रशासन मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लेते हैं तो शुक्रवार से जल सत्याग्रह शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके बाद भी मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में शिवसैनिक और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**गंजबासौदा।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस, नगर कांग्रेस और उप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान शासकीय जन चिकित्सालय परिसर स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पूर्व विधायक निशंक जैन सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, मौजूद रहे। कार्यक्रम में सुनील बाबू, रवि तिवारी, सत्य प्रकाश सेन, जवाहर सिंह रघुवंशी, कल्याण सिंह नागौरी, प्रकाश मिश्रा, सुधीर उपाध्याय, अंसार मंसूरी, अमित दुबे पद्दू, जितेंद्र दांगी, अभिषेक गुर्जर, अनिल पाठक, आनंद दुबे और जगदीश व्यास उपस्थित थे।

## ट्राइसिकल पर कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे दिव्यांग राजेश

**आस्था के आगे हौसले ने तय किया 11 किमी का सफर**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** सावन के महीने में गुरुवार को सीहोर से कुबेरेश्वरधाम तक शिवभक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला। हजारों श्रद्धालु सीवन नदी के तट से कांवड़ में पवित्र जल लेकर बाबा के धाम की ओर रवाना हुए। इसी भीड़ में छत्तीसगढ़ के दिव्यांग श्रद्धालु राजेश ट्राइसिकल पर कांवड़ लेकर करीब 11 किलोमीटर की यात्रा करते नजर आए। उनकी आस्था और हौसले ने रास्ते से गुजर रहे श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया।

राजेश ने बताया कि वह लगातार तीन वर्षों से सीवन नदी के तट से पवित्र जल लेकर कांवड़ यात्रा करते हुए कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं और भगवान शिव का अभिषेक करते हैं। इस बार भी वह अपने साथियों के साथ वाहन से ट्राइसिकल लेकर सीहोर पहुंचे और नदी तट से कांवड़ यात्रा शुरू की।

उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले उनके परिवार में गृहक्लेश का माहौल था और उनका बेटा नशे की गिरफ्त में था। परिवार में शिव महापुराण का श्रवण और भगवान शिव की भक्ति शुरू होने के बाद अब घर में शांति और सद्भाव का वातावरण है। राजेश ने कहा कि भगवान शिव में आस्था उन्हें आत्मिक शक्ति देती है और इसी विश्वास के चलते वह हर वर्ष कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचते हैं।

**13 साल का भाई छोटे भाई को गोद में लेकर पहुंचा:** कांवड़ यात्रा के दौरान भक्ति और भाईचारे की एक और तस्वीर देखने को मिली। 13 साल का एक बालक अपने तीन साल के छोटे भाई को गोद में लेकर कांवड़ के साथ कुबेरेश्वरधाम पहुंचा। दोनों भाइयों की यह तस्वीर भी श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र रही।

**दिव्यांग श्रद्धालु का किया सम्मान:** राजेश के उत्साह और भगवान शिव के प्रति उनकी अटूट आस्था को देखते हुए विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा, पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने उनका स्वागत और सम्मान किया। छत्तीसगढ़ से आए श्रद्धालुओं ने बताया कि क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की कथाओं से प्रेरित होकर नशे जैसी बुराइयों से दूर हो रहे हैं और धार्मिक गतिविधियों से जुड़ रहे हैं।

**24 अगस्त को अंतिम सोमवार, 25 को निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा:** विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सावन में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु कुबेरेश्वरधाम पहुंच रहे हैं।